न्यूज 12 भारत
डिजिटल मीडिया
सच्ची बात
Website : www.news12bharat.com
संस्करण : धनबाद | सोमवार 6 मई 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया

## एक नजर

### तीन दिवसीय रेनबो प्रिमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन



(न्यूज12 भारत)

सिंदरी । सिंदरी के राँगामाटी रेनबो कल्ब ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय रेनबो प्रिमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में मेजबान टीम द्वारा डोमगढ़ इलेवन टीम पर 10 रन से जीत के साथ रविवार की शाम समापन हुआ। 10 - 10 ओवर के मैच के टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला मंत्री सोनू गिरी ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि क्रिकेट मैच को देश ही नहीं पूरा विश्व अपनी नजरों से ओझल नहीं करना चाहता है। क्रिकेट अभी सब की पसंद बनकर उभरा है। उन्होंने हारी हुई टीम की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि गिरते हैं शहसवार ही मैदाने जंग में। आयोजकों के अनुसार रेनबो प्रिमियर लीग में सिंदरी व उसके आसपास की 18 टीमों ने भाग लिया था। इसमें रेनबो कल्ब की मेजबान टीम और डोमगढ़ इलेवन की टीम फाइनल में पहुँची थी। रेनबो कल्ब की टीम ने सन्नी कुमार की कप्तानी में 10 ओवर में 175 रन बनाए थे। हालांकि डोमगढ़ इलेवन की टीम ने लड़ते हुए 10 ओवर में 165 रन पर सिमट गई। टूर्नामेंट में फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच डोमगढ़ इलेवन टीम के रितुराज रहे। वहीं मैन ऑफ द सीरीज रेनबो कल्ब टीम के गन्नी खान को घोषित किया गया। रेनबो प्रिमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में रंजीत निषाद, रोहित सिंह, संतोष पासवान, महेश चौधरी सहित कई अन्य शामिल थे।

### बोधगया मंदिर क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराए चल रहा है अवैध निर्माण, अधिकारियों ने साधी चुप्पी

(न्यूज12 भारत)

गया।बोधगया के महाबोधी मंदिर जहां प्रति वर्ष देश–विदेश से लाखो की संख्या में बौद्ध धर्मावलंबी भगवान बुद्ध का दर्शन करने आते है।बोधगया क्षेत्र के विकास के लिए बोधगया नगर परिषद है। जहां फाइलों में विकास को लेकर कई योजनाएं धूल फांक रही है।महाबोधी मंदिर क्षेत्र में निर्माण के लिए योजना बनाए जाने को लेकर बोधगया में निर्माण कार्य का नक्शा पारित होना बंद है।बिना नक्शा पास कराए हीं महाबोधी मंदिर के समीप कालचक्र मैदान के दक्षिण दिशा में तिब्बत बौद्ध मॉनेस्ट्री से सटे जमीन पर धडल्ले से निर्माण कार्य जारी है। यही नहीं निर्माण कार्य के देख– रेख के निर्माणाधीन स्थल के बाहर सड़क पर एक केयर टेकर फाइबर कर्कट का कमरा भी बनाया गया है साथ हीं साथ बीच सड़क पर बालू और छड़ गिराया गया है।जिससे इस सड़क मार्ग से गुजरने वालों को भी काफी परेशानी हो रही है।बोधगया नगर परिषद के द्वारा जारी नियम की बात करें तो बिना नक्शा पास कराए कोई भी निर्माण कार्य नही किया जाना है ऐसा करने पर नगर परिषद के द्वारा कार्रवाई की जानी है। बोधगया प्रखंड में आम लोगो के लिए नक्शा पारित होना पिछले कई वर्षो से बंद है।लेकिन कालचक्र मैदान के समीप बिना नक्शा पास कराए हीं बौद्ध मॉनेस्ट्री के द्वारा निर्माण कार्य की जा रही है। इस मामले पर बोधगया नगर परिषद से लेकर जिले के पदाधिकारी भी कुछ बोलने या कार्रवाई करने से परहेज कर रहे है।

### भूली ओबीसी नगर अध्यक्ष अरुण कुमार मंडल कीअध्यक्षता में की गई बैठक



(न्यूज12 भारत)

भूली: भूली नगरओबीसी कांग्रेस कमेटी की ओर से भूली ओबीसी नगर अध्यक्ष अरुण कुमार मंडल कीअध्यक्षता में वाल्मीकि नगर में, लोकसभा चुनाव को लेकर एक बैठक की गई | बैठक में मुख्य रूप से धनबाद जिला ओबीसी कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रीतम रवानी उपस्थित हुए प्रीतम रवानी ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है| बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सह प्रभारी , दिनेश यादव जिला महासचिव सह प्रभारी गंगा वाल्मीकि , भूली ओबीसी नगर अध्यक्ष अरुण कुमार मंडल भूली एससी विभाग नगर अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी, शशि मेहता ,दीपक वाल्मीकि, मोहम्मद उस्मान अजीत महतो परमेश्वर रविदास अजीत कुमार राणा , अमर शर्माचंद्रिका चौहान भारत वाल्मीकि दशरथ ठाकुर किशन कुमार, शिवनंदन चौहान छेदी नोनिया सुनील सिंह मिंटू खान|

# नारी न्याय को लेकर महिलाओं को जागरूक करें - गुंजन सिंह

## अनुपमा सिंह के जीत में महिला कांग्रेस निभायेगी महती भूमिका - सीता राणा

(न्यूज12 भारत)

धनबाद। धनबाद लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी आदरणीय अनुपमा सिंह जी के पक्ष में प्रचार प्रसार और महिला कांग्रेस की भूमिका को लेकर रविवार को झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष आदरणीय गुंजन सिंह जी धनबाद पहुंची।

प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह जी का धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा जी के नेतृत्व में पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह जी, प्रदेश महासचिव रीता सिंह जी ने धनबाद जिला अध्यक्ष सीता राणा जी और बोकारो जिलाध्यक्ष अजंता सावन





जी के साथ धनबाद जिला महिला कांग्रेस की पदाधिकारी और प्रखंड नगर अध्यक्ष के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

गुंजन सिंह जी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय में से नारी न्याय को लेकर महिलाओं को विशेष रूप से जागरूक करना है और कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह जी को जीत दिलानी है। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि भाजपा सरकार में नारी सुरक्षित नही है । नारी का सम्मान सुरक्षित नही है। भाजपा ने वैसे लोगों का पनाह दी और सुरक्षा कवच की तरह रक्षा कर रहे हैं जो नारी का अपमान किया । नारी के सम्मान के साथ खेला। वैसे रेवन्ना भूषण जैसे लोगों को भाजपा बचाने में लगी हुई है। महिलाओं के सम्मान रक्षा स्वाभिमान के लिए कांग्रेस पार्टी को जिताना होगा। वहीं धनबाद जिलाध्यक्ष सीता राणा जी ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह जी की जीत में महिला कांग्रेस की महती भूमिका होगी। महिला कांग्रेस की एक एक कार्यकर्ता घर घर जाकर कांग्रेस केलिए वोट की अपील करेगी।

बैठक में रूबी खातून, हेमंती जायसवाल, पुनम देवी, जानकी देवी, रिंकू कुमारी, सुनीता निषाद, नूतन विश्वकर्मा, देवती देवी, गीता सिंह, हुस्ना बानो, शाहिना बानो, मुस्कान सिंह, बिंदु देवी, कलावती देवी, आमना खातून, शकीला खातून आदि मौजूद थी।

## भाजपा के सजायाफ्ता प्रत्याशी से शिक्षित महिला कि लड़ाई : अनुपमा सिंह

(न्यूज12 भारत)

धनबाद : इंडिया महागठबंधन कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का तूफानी दौरा जामाडोबा स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के रीजनल ऑफिस के आवासीय कार्यालय जोड़ापोखर में आए हुए लोगों सहयोगी दलों के नेताओं कार्यकर्ताओं समाजसेवियों एवं गण्यमान्य लोगों से मिलकर एवं झारखंड किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी किन्नर से उनके आवास में मिलकर हाल-चाल जानकर आशीर्वाद प्राप्त किया धनबाद विधानसभा अंतर्गत बारामुड़ी नवाडीह में बिरसा मुंडा पार्क के पास चर्च जाकर वहां श्रद्धालुओं से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया इंडिया मां गठबंधन के सहयोगी दल राष्ट्रीय जनता दल के जिला कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सहयोगी साथियों क्षेत्रीय नेताओं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया एवं दर्जनों सभाएं धनबाद लोकसभा के निरसा विधानसभा क्षेत्र में निरसा प्रखंड के बरबिंदया में इंडिया महागठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ सम्मेलन उपचिड़िया गांव में सभा भागाबॉध रंगामटिया गांव में सभा चरघरा गांव में सभा बेनागोरिया गांव में गुनडवा मोड में सभा पॉडराबेजड़ा गांव में सभा विद्यापति भवन नियर लॉ कॉलेज धनबाद में विद्यापति समिति के साथ बैठक बलियापुर प्रखंड के बेलगड़िया टेंपो स्टैंड



के समीप जनसंपर्क बलियापुर प्रखंड में बेलगड़िया फेस वन नंबर में जनसंपर्क बलियापुर प्रखंड के बेलगाड़ीया फेस 3 नंबर में जनसंपर्क उपरोक्त सभाओं को संबोधित करते हुए अनुपमा सिंह ने कहा बाघमारा क्षेत्र से कई महिलाओं ने और लोगों ने बताया कि ढुल्लू महतो के आतंक चाल चरित्र और चेहरे के बारे मुझे पता है कि ढुल्लू महतो के खिलाफ कोई भी कुछ बोलता है या उसके खिलाफ आवाज उठाता है तो ढुल्लू महतो अपने विरोधियों के लिए ऐसा ग्रुप रखा हुआ है जिसके तहत से वो उन लोगों के खिलाफ फर्जी यौन उत्पीड़न एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवा देता है जिस के चलते उनके खिलाफ कोई भी आवाज उठाने लडने के लिए तैयार नहीं कुछ ऐसा ही मामला पूर्व सांसद गिरिडीह के रविंद्र पांडे पर किया गया था उसके बाद सामाजिकगण एवं बियाड़ा के पूर्व अध्यक्ष विजय झा के बेटे के खिलाफ विनय सिंह पर आरोप लगाया गया था ढुल्लू महतो के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा सोमनाथ चटर्जी ने जब रांची हाई कोर्ट में किया तो उन पर भी फर्जी मुकदमा दर्ज कर भयादोहन किया था बाघमारा में ऐसे दर्जनों उदाहरण भरे पड़े हैं ऐसे में नारी शक्ति के रूप कांग्रेस पार्टी ने मुझे प्रत्याशी बनाया है जिसे मैं अपने कार्य शैली से आप लोगों के हर सुख दुख में खड़ा उतरूंगी आज मैं जनसंपर्क में जहां भी जा रही हूं जनता मुझे यह कह रही है धनबाद को अब आप ही बचा सकती हैं रंगदारी से गुंडा टैक्स से अन्यथा अगर ऐसा व्यक्ति धनबाद में आ गया तो यही प्रचलन धनबाद में भी चल पड़ेगा जिसका कोई भी नेता विरोध नहीं कर पाएगा

शेष पेज - 2 पर

## 1000 मोटरसाइकिल का विशाल रैली

अररिया: निर्दलीय उम्मीदवार डॉ शत्रुध्न मंडल जी के नेतृत्व मे सिक्टि विधानसभा मे लगभग 1000 मोटरसाइकिल का विशाल रैली निकाल गया डॉ शत्रुध्न मंडल अपना चुनाव चिन्ह अलमारी छाप का प्रचा देते हुए अपना वोट मुझे देने का ग्राह किया दिनाँक 7/5/2024 मत दान के दिन पहले मत दान कीजिए ,फिर जल पान कीजिए । वंचित मुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी रामा शीश चौहान ने वोटर से आह्वान किया, आज देश के पढ़े लिखे लोग चुनाव जीत कर संसद भावन पहुंचे गे तो आपके बच्चे के लिए शिक्षा, रोजगार, स्वस्थ और कृषि पर योजना बनाने सदन मे लाएंगे तभी हमारे देश से बेरोजगारी दूर होगा और आप लोगों का सपना पूरा होगा|

## बोधगया मंदिर क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराए चल रहा है अवैध निर्माण,अधिकारियों ने साधी चुप्पी

(न्यूज12 भारत)



गया।बोधगया के महाबोधी मंदिर जहां प्रति वर्ष देश–विदेश से लाखो की संख्या में बौद्ध धर्मावलंबी भगवान बुद्ध का दर्शन करने आते है।बोधगया क्षेत्र के विकास के लिए बोधगया नगर परिषद है। जहां फाइलों में विकास को लेकर कई योजनाएं धूल फांक रही है।महाबोधी मंदिर क्षेत्र में निर्माण के लिए योजना बनाए जाने को लेकर बोधगया में निर्माण कार्य का नक्शा पारित होना बंद है।

बिना नक्शा पास कराए हीं महाबोधी मंदिर के समीप कालचक्र मैदान के दक्षिण दिशा में तिब्बत बौद्ध मॉनेस्ट्री से सटे जमीन पर धडल्ले से निर्माण कार्य जारी है। यही नहीं निर्माण कार्य के देख– रेख के निर्माणाधीन स्थल के बाहर सड़क पर एक केयर टेकर फाइबर कर्कट का कमरा भी बनाया गया है साथ हीं साथ बीच सड़क पर बालू और छड़ गिराया गया है।जिससे इस सड़क मार्ग से गुजरने वालों को भी काफी परेशानी हो रही है।बोधगया नगर परिषद के द्वारा जारी नियम की बात करें तो बिना नक्शा पास कराए कोई भी निर्माण कार्य नही किया जाना है ऐसा करने पर नगर परिषद के द्वारा कार्रवाई की जानी है। बोधगया प्रखंड में आम लोगो के लिए नक्शा पारित होना पिछले कई वर्षो से बंद है।

## कार्ल मार्क्स की 202 वीं जयंती पर समारोह का आयोजन

(न्यूज12 भारत)



बलियापुर। कार्ल मार्क्स की 202 वीं जयंती पर बलियापुर में माकपा की सिंदरी बलियापुर लोकल कमिटी की ओर से जयंती समारोह आयोजित की गई। समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता संतोष कुमार महतो तथा काली सेन गुप्ता ने कहा कि साम्यवाद के जन्मदाता कार्ल मार्क्स थे। कार्ल मार्क्स महान दार्शनिक थे। मार्क्स ने बताया कि पूंजीवाद में किस प्रकार श्रमिकों का शोषण होता है।


इसलिए बैगर पूंजीवाद के खात्मा किए, मजदूर वर्ग का शोषण समाप्त नहीं हो सकता है। आज मार्क्स के विचार से प्रेरणा लेकर मजदूर और किसान वर्ग को एकजुट होकर शोषण के खिलाफ खड़ा होना होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समीरन बिद, संचालन लोकल कमिटी के सचिव विकास कुमार ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में उपासी महताइन, रानी मिश्रा, सूर्यकुमार सिंह, सुबल मल्लिक, राम लायक राम, शिबू कुमार राय, राज नारायण तिवारी, आर के मिश्रा आदि मौजूद थे।

## जयरामपुर बीसीसीएल के अस्पताल में मुक्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन

(न्यूज12 भारत)





तिसरा। ए ,एस ,जी आई हॉस्पिटल अशोक नगर धनसार धनबाद की ओर से रविवार को जयरामपुर बीसीसीएल के अस्पताल में मुक्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 75 लोगों की आंख की जांच की गई जिन में 15 मोतियाबिंद के मरीज पाए गए। कार्यक्रम का उद्‌घाटन समाजसेवी प्रतिमा देवी बबलू रजक एवं मेवा लाल रजक ने किया। लोगों का जांच आई अस्पताल के डॉक्टर संजय रजक रवि कुमार सिंहा अभिषेक आनंद एवं तन्मय की चार सदस्य टीम की ओर से किया गया। जांच के बाद डॉक्टर डॉ संजय रजक ने बताया कि 60 वर्ष के बाद किसी भी पुरुष या महिला में मोतियाबिंद का लक्षण पाए जाते हैं लेकिन अभी देखा जा रहा है कि बच्चों में भी यह बीमारी तेजी से फैल रही उन्होंने बताया कि खास कर कोलियरी इलाके में आंख के बीमारी के लक्षण अधिक मात्रा में पाए जाते हैं

शेष पेज - 2 पर

## जलवायु परिवर्तन अनुकूलन में युवाओं को शामिल पर प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण समाप्त

(न्यूज12 भारत)




गया। सी यू एस बी दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय में आपदा जोखिम को कम करने और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन में युवाओं को शामिल करने पर प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण का पांच दिवसीय कार्यक्रम 29 अप्रैल को प्रारंभ हुआ जिसका आज सफलतापूर्वक समापन हो गया है।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े हुए कार्यक्रम पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है। इसमें भारत के विभिन्न भागों से लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान एनआईडीएम और सीएसयूबी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में किया गया है। मगध विश्वविद्यालय की ओर से चार कार्यक्रम पदाधिकारी ने भाग लिया ने जिसमें गया कॉलेज गया से कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्रा और डॉक्टर प्रियंका कुमारी ने सहभागिता की जबकि एस एन सिन्हा कॉलेज टेकारी से एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर दीनदयाल गुप्ता तथा एस बी ए एन कॉलेज दरहेटा लारी से डॉ शिव कुमार रविदास ने सहभागिता की है। डॉ राजेश कुमार मिश्रा ने इस पांच दिवसी प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्राप्त अनुभव को साझा करते हुए बताया कि इसमें आपदाओं से निपटने के लिए आपदा से पूर्व, आपदा के दौरान एवं आपदा के पश्चात की जाने वाली तैयारी और बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया है ।उसकी मॉक ड्रिल करवाई गई है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात कार्यक्रम पदाधिकारी अपने-अपने कॉलेज में एवं विश्वविद्यालय स्तर पर छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे जो अपने आस पड़ोस एवं नजदीकी क्षेत्र में जाकर लोगों को आपदा के बारे में जागरूक करेंगे।

शेष पेज - 2 पर

# अवर न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का निरीक्षण

## जेल प्रशासन को दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश ▸ बंदियों को दी गई प्ली बारगेनिंग कानून, की जानकारी

(न्यूज12 भारत)

धनबाद : जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने रविवार को लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल की टीम के साथ मंडल कारा धनबाद का निरीक्षण किया। जेल में कुल 636 दोषसिद्ध व विचाराधीन बंदी मिले। न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली।



स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालयों की साफ-सफाई का निर्देश दिया। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने, शिक्षापरक एवं रोजगारपरक शिविरों का आयोजन कराकर उन्हें प्रशिक्षित किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान कुछ ऐसे बंदी मिले जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम देखने में प्रतीत हो रही थी न्यायाधीश ने उन बंदियों को दूसरे बंदियों से अलग वार्ड में रखने का निर्देश जेलर को दिया तथा एलएडीसीएस को निर्देश दिया कि उनके घर वालों से संपर्क कर उनके जन्म संबंधी प्रमाण पत्र की व्यवस्था करें और आवश्यक कार्रवाई करें। न्यायाधीश ने महिला बैरक में निरुद्ध कुल 26 महिला बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान जेलर को निर्देशित किया गया कि सभी बन्दियों का वर्तमान डेटा जेल के पैरा लीगल वालेंटियर (विधिक स्वंयसेवक ) के माध्यम से कम्प्यूटर पर फीड कराया जाए। निरूद्ध सभी महिला बन्दी स्वस्थ्य पायी गयीं। न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन ,व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया।उन्होंने बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने जेल प्रशासन को बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए और कहा कि प्रशासन की ओर से किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बंदियों को दी गई कानून की जानकारी

इसके पूर्व मंडल कारा धनबाद में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में न्यायाधीश एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदु , डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने बंदियों के अधिकार, जमानत संबंधी प्रावधान व प्ली बारगेनिंग अधिनियम, हाईकोर्ट द्वारा चलाए जा रहे यूटीआरसी स्कीम के बारे में जानकारी दी।अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने वैसे बंदी जो साधारण अपराध के मामलों में जेल में बंद है तथा जो अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं है उन्हें यूटीआरसी स्कीम के तहत 15 मई तक कानूनी प्रक्रिया द्वार जमानत याचिका दायर करने का निर्देश एलएडीसीएस को दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की स्थापना की गई है। इसमें ऐसे बंदी जो अपना अधिवक्ता स्वयं करने में आर्थिक रूप से असमर्थ हैं उनके मुकदमे की निशुल्क पैरवी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार में चीफ , डिप्टी चीफ व असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल की नियुक्ति की गई है उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों की समस्याओं के समाधान के लिए लीगल एड डिफेंस काउंसिल से निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करें इसके लिए बंदी आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार को भेजें ।इस मौके पर डिप्टी जेलर दिनेश वर्मा, एलडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदु ,डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, एलएडीसीएस के असिस्टेंट काउंसिल डालसा सहायक अरुण कुमार ,सौरव सरकार, पीएलबी ,शिव शंकर , उज्जवल शर्मा उपस्थित थे।

# टैगोर सोसाइटी ऑफ़ धनबाद ने कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर को दी श्रद्धांजलि



▸ रविंद्र नाथ टैगोर पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

(न्यूज12 भारत)

धनबाद:कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की 163 वीं जयंतीआगामी 8 मई को है उसके पूर्व टैगोर सोसाइटी ऑफ़ धनबाद द्वारा रविवार को भारत स्काउट एंड गाइड, रेलवे क्लब परिसर में शांतिनिकेतन के प्रारूप में कविगुरु रविंद्र नाथ टैगोर को श्रद्धांजलि देते हुए रविंद्र नाथ टैगोर पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।टैगोर सोसाइटी ऑफ धनबाद के विश्वनाथ राय ने कहा यह कार्यक्रम कवि गुरु को उनके जन्मदिन पर श्रद्धांजलि देने के लिए 38 साल से हम लोग करते आ रहे हैं और यह सांस्कृतिक अनुष्ठान रविंद्र प्रेमियों के लिए है इस कार्यक्रम में धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा कोलकाता से भी कलाकार आए हैं। रवींद्रनाथ टैगोर के प्रेमी इस कार्यक्रम के लिए नृत्य संगीत की तैयारी सालों भर कर इस दिन का इंतजार करते हैं ।टैगोर समिति के सदस्य सुवर्णा बनर्जी ने कहा कि यह कार्यक्रम शांति निकेतन के प्रारूप में जैसा की कवि गुरु रवींद्रनाथ चाहते थे उसी प्रकार से हम लोग प्राकृतिक वातावरण में जयंती को मानते हैं,यह कार्यक्रम शुरुआत से ही रविंद्र जयंती के पहले पड़ने वाले रविवार को मनाया जाता है|

# जीतेन्द्र का शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

## मजदूरी करने गुजरात जा रहे जीतेन्द्र की ट्रेन से गिरकर हुई मौत

(न्यूज12 भारत)

चकाई : चिहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बोंगी पंचायत के अमताहा गांव निवासी जीतेन्द्र राय की मौत मजदूरी करने जा रहे गुजरात जाने के दौरान ट्रेन से गिर हुई मौत से जहां परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट गया है वहीं पत्नी टुकनी देवी बच्चे व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है रविवार को जब पोस्टमार्टम के बाद मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर से जीतेन्द्र का शव गांव पहुंचा तो देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई पत्नी टुकनी देवी अपने पति के शव से लिपटकर दहाड़ें मारकर रोने लगी पत्नी व बच्चों का क्रंदन देख हर किसी की आंखें नम हो रही थी लोग चाह कर भी अपने आंसू रोक नहीं पा रहे थे पत्नी टुकनी देवी रोती-बिलखती हर किसी से यही कह रही थी कि अब हम किसके सहारे जीएंगे अब कौन मेरे बच्चों का देखभाल व



परवरिश करेगा यह कहकर वह बेहोश हो जाती थी बताते चलें की जीतेन्द्र वापी गुजरात मे मजदूरी काम कर परिवार का भरण पोषण करता था लेकिन बीते 2 मई को गुजरात जाने के दौरान मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर के पास ट्रेन से गिर उसकी मौत हो गई मौत हो जाने से उसकी पत्नी टुकनी देवी के सिर पर दुखों का पहाड़ टूट गय अब परिवार का भरण पोषण सहित बच्चों की पढ़ाई लिखाई का जिम्मा भी अब टुकनी के माथे पर आ गई है यह सोचकर मृतक की पत्नी फफक-फफककर रोने लगती थी छोटे छोटे बच्चों को शायद यह भी पता नहीं की उसके सिर से हमेशा के लिए पिता का साया उठ गया है उनके पिता उन्हें हमेशा के लिए छोड़कर चले गए हैं वहीं घटना की जानकारी मिलते ही प्रखंड उप प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह सहित अन्य लोगों ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया तथा हरसंभव मदद करने की बात कही

## पेज एक का शेषांश

### भाजपा के सजायाफ्ता प्रत्याशी से शिक्षित महिला कि....

ऐसे में धनबाद भय भूख भ्रष्टाचार के आगोश में चला जाएगा व्यापारीगण पलायन करने लगेंगे और धनबाद अस्थिर होकर जल उठेगा हमारी लड़ाई ऐसे भाजपा के प्रत्याशी के साथ है जिन पर पच्चास से ज्यादा मुकदमे हैं हमारी लड़ाई सजायाफ्ता ढुल्लू महतो से है जिसे प्रशासन से लेकर के चुनाव आयोग को भी दिगभ्रमित करने का काम किया हैं लेकिन जनता सब कुछ जानती है अब जनता बुलेट का जवाब बैलट से देगी इसलिए आने वाले चुनाव में सोच समझकर अपने प्रत्याशी को समझे और तरक्की को चुने रोजगार की समस्या हो या महंगाई की मार हर एक का समाधान करेगी कांग्रेस सरकार लोकसभा क्षेत्र के लोगों की आशा और आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए मैं हमेशा तात्पर रहूंगी विकास और तरक्की का वचन आपको देती हूं

### जयरामपुर बीसीसीएल के अस्पताल में मुक्त नेत्र जांच शिविर....

क्योंकि यहां का वातावरण सही नहीं है डस्ट एलर्जी है धूलकण से ज्यादा लोग परेशान है इसके अलावा खान-पान भी सही नहीं है उन्होंने कहा कि बच्चे आजकल ज्यादातर मोबाइल चला रहे हैं जिस कारण भी बीमारी हो रही है। लोगों के मुफ्त जांच के बाद कई लोगों को आंख का चश्मा एवं ड्रॉप आंख में डालने की सलाह दी गई जिन लोगों का मोतियाबिंद है उनको अस्पताल की ओर से निशुल्क यहां से ले जाएंगे और ऑपरेशन करने के बाद उनको पहुंचाया जाएगा उनके पास आयुष्मान कार्ड आधार कार्ड एवं राशन कार्ड होना अनिवार्य है। धूप में निकलने से पहले सनग्लास का उपयोग करें कंप्यूटर में भी ग्लास लगाकर काम करने से आंख पर प्रभाव नहीं पड़ेगा जानकारी ही बीमारी से बचाव है। 6 माह के अंदर नियमित जांच करते रहे एवं डॉक्टर से सलाह ले हमारा उद्देश्य है ज्यादा से ज्यादा गरीब लोगों के बीच में जाएं और उनको मदद करें। मौके पर सहिया साथी रेखाभट्ट, सहिया रानी देवी सुनीता देवी शांति देवी मनोरमा गुप्ता रेखा साहनी, सरिता देवी सुलेखा देवी उमेश पांडे आदि लोग थे।

### जलवायु परिवर्तन अनुकूलन में युवाओं को शामिल पर प्रशिक्षकों...

इससे प्रत्येक वर्ष आपदा से होने वाली जन धन की क्षति को बचाने में सहायता मिलेगी ।भारत सरकार का लक्ष्य 2030 तक प्राकृतिक आपदा एवं मानव जनित आपदा में निरंतर कमी लाना और इसे समाप्त करना है। इस कार्यक्रम के समापन सत्र की अध्यक्षता दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के द्वारा किया गया है जबकि संचालन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बुधेंद्र कुमार सिंह ने किया ।यह प्रशिक्षण शिविर काफी सफल रहा है। सभी कार्यक्रम पधाधिकारीयों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया है।

# नगर निगम आयुक्त द्वारा शहर में भी पनशाला की व्यवस्था की गई

(न्यूज12 भारत)

गया।भीषण गर्मी तथा कड़ी धूप से आम जनमानस को राहत देने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस०एम० ने गर्मी शुरू होते ही ज़िले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने प्रखंड के सभी पंचायतों के भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों/ बाजार एरिया में शुद्ध पेयजल व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया गया था। ग्रामीण क्षेत्रो के सार्वजनिक चौक चौराहा, हाट बाजार इत्यादि में शुद्ध पेयजल व्यवस्था की निरंतर रहे इसकी निगरानी भी ज़िला पंचायत राज विभाग द्वारा ली जा रही है। जिले के चौबीसों प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समिति के मद वीएचएसएनसी जो संबंधित वार्ड सदस्य एवं स्वास्थ्य विभाग के एएनएम इस मद के सदस्य होते हैं। संयुक्त बैंक खाते में राशि है।उसी राशि से अपने पंचायत के सार्वजनिक स्थानों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, बस स्टैंड, हाट बाजार, प्रमुख चौराहों पर आम जनों को इस भीषण गर्मी से थोड़ी राहत




देने के लिए उन स्थानों पर शुद्ध पेयजल हेतु प्याऊ की व्यवस्था की गई है, ताकि राहगीर शुद्ध ठंडा पेजल को पी कर अपने मन को तृप्त कर सके। जिससे राहगीर को गर्मी से थोड़ी राहत मिल सके। राहगीर इसका भरपूर लाभ ले रहे हूं साथ ही इस व्यवस्था को काफी सराहना भी कर रहे हैं।गर्मी के मौसम में लोगों को शीतल पानी पीने के लिए मिले, इसके लिए मटका में पानी रखा गया है। सभी पंचायतों में इसकी सुविधा लोगों के बीच बेहतर हो, इसलिए स्थानीय लोगों की देखरेख में लगाया गया है, ताकि जो भी राहगीर पानी पीने के लिए पहुंचे तो उन्हें शुद्ध ठंडा पेयजल मिल सके। यह व्यवस्था पूरे गर्मी के मौसम तक दिया जाएगा। अभी के समय में गया जिले में कुल 489 स्थान पर लोगों को शीतल पानी की व्यवस्था की गई है।इनमें मुख्य रूप से टिकरी में 43 स्थान, आमस में 22 स्थान, बेलागंज में 32 स्थान, खिजर सराय में 43, मोहनपुर में 36, नगर में 35, वजीरगंज में 21, टनकुप्पा में 12, शेरघाटी में 16, परैया में 17, नीमचक बथानी 12, मोहनपुर 36, मानपुर 18, कोच 20, गुरुआ 22, गुरारू 25, फतेहपुर 20, डोभी 17, डुमरिया 12, बोधगया 14, बांके बाजार 11 एवं बाराचट्टी में 11 स्थान पर पर शुद्ध पेयजल हेतु प्याऊ की व्यवस्था की गई है।